Women's colleges of Delhi

Delhi holds a distinguished position as one of India's foremost centers of education, hosting a wide network of premier universities, research institutions, and colleges that attract students from across the country and abroad. Within this vibrant academic landscape, various colleges of Delhi have played a transformative role in advancing women's education. Among them, some women's colleges of Delhi—Miranda House, Lady Shri Ram College for Women, Kamala Nehru College, and Gargi College—have made notable contributions. Renowned for academic excellence, vibrant intellectual culture, and an emphasis on holistic development, these institutions reflect Delhi's enduring significance as a hub of inclusive and progressive higher education for women in India.

Miranda House is a renowned institution at the forefront of women's education in India. Established on March 7, 1948, under the visionary leadership of Sir Maurice Gwyer, the College has consistently upheld the highest standards of academic excellence. Nationally recognized for its contributions to higher education, it has secured a top position among colleges in the National Institutional Ranking Framework (NIRF) for nine consecutive years. Miranda House holds an A++ grade from the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) and has been conferred the prestigious Star College status by the Department of Biotechnology, Government of India.

Lady Shri Ram College for Women, established in 1956 by Sir Shri Ram in memory of his wife, is one of India's premier institutions of higher learning. Located on a green fifteen-acre campus in Lajpat Nagar, South Delhi, the College is known for its unwavering commitment to academic excellence and women's empowerment. Accredited with an A++ grade by NAAC, it consistently ranks among the top colleges in the country. Over the decades, LSR has built a legacy of intellectual rigor, social consciousness, diversity, and inclusion, inspiring generations of women to become leaders and changemakers.

Kamala Nehru College is a vibrant center of learning where academic excellence and cultural vitality coexist. The College fosters intellectual curiosity and critical engagement with contemporary issues while promoting holistic development through dedicated faculty mentorship. Its culturally dynamic campus—enriched by literary circles, theatre groups, dance societies, and music ensembles—encourages creativity, solidarity, and appreciation of heritage. With its inclusive ethos, the College nurtures confidence, resilience, and leadership among women.

Gargi College, Established in 1967, is a distinguished women's institution under the University of Delhi offering programmes in Arts, Commerce, Science, and Education. Named after the Vedic philosopher Gargi Vachaknavi, the College embodies intellectual courage and inquiry. Accredited with an 'A+' grade by NAAC, it promotes excellence in teaching, research, and innovation through various academic and skill-development initiatives, inspiring women to lead with knowledge, compassion, and vision while contributing meaningfully to society.

Department of Posts is pleased to issue a Commemorative Postage Stamp on these distinguished institutions in recognition of their exemplary contribution to women's education and nation-building. The stamp seeks to honour their enduring legacy of academic excellence, empowerment, and social transformation, which continues to inspire generations across the country.

Credits:

Stamps/Miniature Sheet/FDC/ Brochure/Cancellation Cachet	:	Shri Kamleshwar Singh
Text	:	Based on the content provided by the above mentioned colleges



भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

दिल्ली के महिला महाविद्यालय
Women's Colleges of Delhi



विवरणिका BROCHURE

दिल्ली के महिला महाविद्यालय

दिल्ली भारत के प्रमुख शिक्षा केन्द्रों में से एक है, जहाँ देश–विदेश से विद्यार्थियों को आकर्षित करने वाले विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों तथा महाविद्यालयों का व्यापक नेटवर्क विद्यमान है। इस सजीव शैक्षणिक वातावरण में दिल्ली के विभिन्न महाविद्यालयों ने महिलाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें से दिल्ली के कई महिला महाविद्यालय – मिरांडा हाउस, लेडी श्रीराम महिला महाविद्यालय, कमला नेहरू महाविद्यालय और गार्गी महाविद्यालय – ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। शैक्षणिक उत्कृष्टता, जीवंत बौद्धिक संस्कृति और समग्र विकास पर विशेष बल के लिए प्रसिद्ध ये संस्थान भारत में महिलाओं के लिए समावेशी और प्रगतिशील उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में दिल्ली के स्थायी महत्व को दर्शाते हैं।

मिरांडा हाउस भारत में महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी संस्थान है। इसकी स्थापना 7 मार्च, 1948 को सर मौरिस ग्वेयर के दूरदर्शी नेतृत्व में हुई थी। तब से इस महाविद्यालय ने अकादमिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को निरंतर कायम रखा है। यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा में अपने योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान है। इसने नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में लगातार नौ वर्षों तक महाविद्यालयों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया है। मिरांडा हाउस को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) से ए++ ग्रेड प्राप्त है एवं भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इसे प्रतिष्ठित स्टार महाविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

लेडी श्रीराम महिला महाविद्याालय की स्थापना सर श्री राम द्वारा अपनी पत्नी की स्मृति में 1956 में की गई थी। यह भारत के प्रमुख उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक है। दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर में हरे–भरे पंद्रह एकड़ के परिसर में स्थित यह महाविद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इसे एनएएसी द्वारा ए++ ग्रेड मान्यता प्राप्त है। देश के शीर्ष महाविद्यालयों में इसका स्थान लगातार बना हुआ है। दशकों से एलएसआर ने बौद्धिक दृढ़ता, सामाजिक चेतना, विविधता और समावेशन की एक ऐसी विरासत का निर्माण किया है, जो अनेक पीढ़ियों से महिलाओं को नेता और परिवर्तनकर्ता बनने के लिए प्रेरित करती है।

कमला नेहरू महाविद्यालय शिक्षा का एक जीवंत केंद्र है, जहां शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक विकास साथ–साथ चलते हैं। यह महाविद्यालय समर्पित संकाय परामर्श के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा देते हुए बौद्धिक जिज्ञासा और समकालीन मुद्दों के साथ आलोचनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करता है। इसका सांस्कृतिक रूप से गतिशील परिसर – साहित्यिक मंडलियों, थिएटर समूहों, नृत्य समितियों और संगीत समूहों से समृद्ध है जो रचनात्मकता, एकजुटता और विरासत की सराहना को प्रोत्साहित करता है। अपने समावेशी लोकाचार के साथ महाविद्यालय, महिलाओं में आत्मविश्वास, दृढ़ता और नेतृत्व की भावना का विकास करता है।

गार्गी महाविद्यालय की स्थापना 1967 में हुई थी। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के तहत एक प्रतिष्ठित महिला संस्थान है जो कला, वाणिज्य, विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यक्रम प्रदान करता है। इसका नाम वैदिक दार्शनिक गार्गी वाचक्नवी के नाम पर रखा गया है। यह महाविद्यालय बौद्धिक साहस और जिज्ञासा का प्रतीक है। इस महाविद्यालय को एनएएसी द्वारा 'ए+' ग्रेड से मान्यता प्राप्त है। यह महाविद्यालय विभिन्न शैक्षणिक और कौशल–विकास पहलों के माध्यम से शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार में उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है। यह महिलाओं को समाज में सार्थक योगदान देते हुए ज्ञान, करुणा और दूरदर्शिता के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करता है।

डाक विभाग, महिला शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में इन प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुकरणीय योगदान को मान्यता प्रदान करते हुए इन प्रतिष्ठित संस्थानों पर एक स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है। यह डाक–टिकट अकादमिक उत्कृष्टता, सशक्तिकरण और सामाजिक रूपांतरण की उनकी स्थायी विरासत के सम्मानस्वरूप है, जो देशभर में पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

आभार :

डाक–टिकट / मिनिएचर शीट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे : श्री कमलेश्वर सिंह

पाठ : उपरोक्त महाविद्यालयों से प्राप्त सामग्री के आधार पर

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्य	: 500 पैसे (4)
Denomination	: 500p (4)
मुद्रित डाक–टिकटें	: 100140 (4)
Stamps Printed	: 100140 (4)
मुद्रित मिनिएचर शीट	: 111000
Miniature Sheets Printed	: 111000
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00